# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

नवम्बर 2009 (अंक 195) | November 2009 (Issue 195)




श्री एस.एन. पाटिल, आय ओ एफ एस वरिष्ठ प्रधान निदेशक, राष्ट्रीय अकादमी रक्षा उत्पादन, अम्बाझरी (नागपुर) राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) द्वारा 12-13 नवम्बर 2009 को आयोजित ओरिएन्टेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन परमपरागत दीप प्रज्वलित करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही (बाये से तृतीय) श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, तथा राष्ट्रीय बचत संस्थान और वेतन एवं लेखा अधिकारी के अन्य अधिकारी।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा फिल्ड अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने अधिकारियों जैसे सहायक निदेशकों, उप निदेशकों के लिए 12-13 नवम्बर 2009 को नागपुर में पूर्वाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य फिल्ड अधिकारियों के प्रभावपूर्ण एवं गुणवत्ता से फिल्ड में कार्य करने योग्य बनाना था जिससे कि वे राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादों की वित्तिय बाजार में हिस्सेदारी बढ़ा सके एवं जन समूह में वित्तिय साक्षरता बढ़ा सके।

श्री एस.एन. पाटिल, वरिष्ठ प्रधान निदेशक, एन.ए.डी.पी. ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहाँ कि राष्ट्रीय बचत संस्थान देश में बचत एकत्रिकरण एवं वित्तिय साक्षरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है और अधिकारियों से अपिल की कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से घरेलू बचत को बढ़ावा दे और इस बचत आंदोलन को जन सामान्य तक पहुँचाए। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने संबोधन में कहा कि फिल्ड अधिकारी, सरकार, अभिकर्ता एवं निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों से अपिल की कि वे वित्तीय बाजार की चूनौतियों को स्वीकार करने हेतु अपने आपको पुर्नस्थापित करे जिससे वित्तिय बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से नीतीगत प्रबंधन, प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रबंधन, स्वयं सहायता समूह की सहायता से खाता खोलने के लिए ग्रामीण बचत अभियान का आयोजन, प्रभावशाली सम्प्रेषण एवं प्रचार, उत्कृष्ट उपभोक्ता सेवायें, जन शिकायतों का निवारण, राजभाषा कार्यान्वयन तथा वित्त एवं लेखा इत्यादि विषयों पर था। राष्ट्रीय बचत संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी एवं श्रीमती डी.एम. कालवीट, सहायक लेखा अधिकारी ने प्रशिक्षण दिया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री अजय ग्रोवर, वरिष्ठ विभागीय प्रबंधक, भारतीय जीवन बीमा निगम, जयपुर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष श्री जयगोपाल अपर महानिदेशक, मिडिया एन्ड कम्युनिकेशन इन्फारमेशन आफिस, राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र द्वारा 30 अक्टूबर को आयोजित विश्व मितव्ययिता दिवस के अवसर पर श्रीमती मधु गुप्ता को उत्कृष्ट महिला अभिकर्ता को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाणपत्र देते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही श्री बी.आर. रैगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 3–7 नवम्बर 2009 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने मुख्यालय में 3–7 नवम्बर 2009 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश कर्मियों में पारदर्शिता तथा ईमानदारी को बढ़ावा देना तथा जीवन के सभी पक्षों से भ्रष्टाचार निर्मूलन करना था। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने उद्घाटन संबोधन में कर्मचारियों से कहा की कि अपने दैनंदिन कार्य का निष्पादन पारदर्शिता, ईमानदारी और सतर्कता से करे। उन्होंने कर्मियों से यह भी अपील की कि वे अपने कार्य के प्रति सदैव समर्पित एवं तत्पर रहे।

श्री एस के त्रिपाठी संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने के उद्देश्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और राष्ट्रीय बचत संस्थान के कर्मियों को शपथ दिलाई। श्री डी के घाटे क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) ने धन्यवाद ज्ञापन किया। श्री एम. एल. गंगोरे क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) ने कार्यक्रम का समन्वय किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




श्री ए के देब मुख्य महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया गुवाहाटी 30 अक्तुबर 2009 गुवाहाटी राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा आयोजित विश्व मितव्ययिता दिवस कार्यक्रम में उपस्थिती को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ में (बाये से दाये) श्री एस के बोरा निदेशक अल्पबचत, असम सरकार, श्री पी के सिंह, निदेशक डाक सेवा, गुवाहाटी श्री आर बी प्रसाद कमीशनर एवं सचिव वित्त, असम सरकार।



श्री वैथीयलिंगम माननीय मुख्यमंत्री पुदुचेरी 30 अक्तुबर 2009 को पुदुचेरी में विश्वमितव्ययिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2008-09 के दौरान अधिकतम धन संग्रहण के लिए श्री के श्रीधर उपायुक्त, कमर्शियल कर विभाग पुदुचेरी को रंनिग शील्ड प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही (बाये से दाये) श्री एम मनिक्कम उप निदेशक (योजना), श्री बी देवी चेयरपर्सन पुदुचेरी म्युनिसिपल काउन्सील, श्री व्ही पी सिवा कुमार, माननीय विधायक पुदुचेरी और डा एस के कन्गसावाई निदेशक योजना एवं रिसर्च पुदुचेरी।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा सेना डाक सेवा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 9 अक्तुबर 2009 को पूरे देश स्थित सेना डाक सेवा के जूनियर कमिशन अधिकारियों के लिए कामठी (नागपुर) में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बचत उत्पादों विपणन एवं उत्पाद संबंधी विभिन्न उत्पादों की जानकारी देना था ताकि सेना डाक सेवा के अधिकारी सेना डाक घरों में अधिकतम धन निवेश करा सके क्योंकि वे राष्ट्रीय बचत के उत्पादों एवं सेना कर्मियों के बीच की एक महत्वपूर्ण कडी है।

श्री पद्म सिंह, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एवं श्री डी के घाटे क्षेत्रीय निदेशक (मुख्या) राष्ट्रीय बचत संस्थान ने विभिन्न अल्प बचत उत्पादों जैसे वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, लोक भविष्य निधि, मासिक आय योजना और आवर्ती जमा खाता पर प्रशिक्षण दिया। श्री विजयन डिप्टी कमाण्डेन्ट ए.पी.एस. केन्द्र कामठी ने राष्ट्रीय बचत संस्थान की नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण देने हेतु सराहना की एवं आशा व्यक्त कि इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थीयों को सेना डाक घरों में अधिकतम बचत जमा करवाने में सहायता मिलेगी। इस प्रकार ओर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20 नवम्बर 2009 को सेना डाक सेवा केन्द्र कामठी में आयोजित किया गया था। कुल 52 अधिकारियों ने भाग लिया।



मिस संध्या रानी, पोस्ट मास्टर जनरल (दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र) 30 अक्तुबर 2009 को विश्व मितव्ययिता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बचत संस्थान बंगलोर केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2008-09 के दौरान लोक भविष्य निधि एवं वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के अन्तर्गत अधिकतम जमा करने पर श्री बी एम मेडप्पा मुख्य प्रबंधक एवं उनके सहयोगी भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एन ए एल शाखा बैंगलोर को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण एवं प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही श्री बी राजु बाबू क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान केन्द्र बैंगलोर भी दिखाई दे रहे है।

## अप्रैल से सितम्बर 2009 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सितम्बर 2008 तक | | सितम्बर 2009 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 5094.28 | -126.50 | 7426.71 | 751.70 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 42.27 | 10.27 | 71.26 | 25.30 |
| 3. | असम | 808.79 | -56.39 | 1207.61 | 4.61 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 13.61 | 3.17 | 20.04 | 8.17 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 145.74 | -375.91 | 257.67 | 66.05 |
| 6. | बिहार | 2842.26 | 547.00 | 4038.84 | 959.87 |
| 7. | झारखंड | 1127.63 | 159.17 | 1866.81 | 496.25 |
| 8. | चंडीगढ | 207.44 | -46.47 | 351.66 | 66.53 |
| 9. | दमण एवं दीव | 205.08 | -9.39 | 292.32 | 44.96 |
| 10. | दिल्ली | 2169.82 | -761.87 | 3719.93 | 352.49 |
| 11. | गोवा | 174.02 | -1.18 | 263.18 | 55.31 |
| 12. | गुजरात | 6199.55 | -422.80 | 8750.64 | 1478.43 |
| 13. | हरियाणा | 2175.52 | -225.63 | 2730.87 | 363.57 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1131.41 | 83.18 | 1421.78 | 185.74 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 496.17 | 21.53 | 654.14 | 21.87 |
| 16. | कर्नाटक | 2546.90 | -364.74 | 3607.94 | 66.45 |
| 17. | केरल | 2086.46 | -379.72 | 2695.21 | -120.75 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.90 | -0.03 | 1.57 | 0.11 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2040.05 | -101.63 | 2844.49 | 236.48 |
| 20. | छत्तीसगढ | 687.94 | -15.77 | 1170.14 | 112.53 |
| 21. | महाराष्ट्र | 6032.51 | 176.29 | 8555.59 | 1108.17 |
| 22. | मणिपुर | 28.02 | -10.12 | 56.18 | -3.75 |
| 23. | मेघालय | 74.25 | 5.65 | 112.73 | 22.14 |
| 24. | मिझोरम | 39.32 | -6.27 | 52.60 | 9.88 |
| 25. | नागालैंड | 18.50 | -0.67 | 23.25 | 2.72 |
| 26. | उडीसा | 1211.64 | 129.20 | 1755.68 | 418.45 |
| 27. | पुदुचेरी | 42.45 | -13.43 | 73.55 | 9.78 |
| 28. | पंजाब | 3607.05 | -337.21 | 4553.33 | 574.98 |
| 29. | राजस्थान | 3795.71 | -769.11 | 6100.52 | -382.63 |
| 30. | सिक्कीम | 25.34 | -3.79 | 34.25 | -4.06 |
| 31. | तमिलनाडू | 3918.22 | -524.24 | 5231.65 | -52.71 |
| 32. | त्रिपूरा | 200.61 | -15.52 | 283.29 | 29.28 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 7361.78 | 511.26 | 9413.89 | 1767.19 |
| 34. | उत्तरांचल | 1085.63 | 116.77 | 1507.29 | 332.65 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 8436.12 | 635.04 | 13092.72 | 3184.64 |
| | कुल | **66073.02** | **-2169.84** | **94239.33** | **12192.39** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR